Member of Parliament Local Area Development Scheme

भारत सरकार
सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली -110001
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF STATISTICS & PROGRAMME IMPLEMENTATION
SARDAR PATEL BHAVAN, NEW DELHI-110001
FAX : 011-23364197
E-mail : mplads@nic.in

सत्यमेव जयते

फा.सं.सी-16/2014-एमपीलैड्स

Dated 10.09.2014

सेवा में,

1. आयुक्त,
   कोलकाता/चेन्नई/दिल्ली नगर निगम
2. सभी जिला कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट/उपायुक्त

**विषय: स्कूलों में शौचालयों का निर्माण ।**

दिनांक 15 अगस्त, 2014 को 68वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश को संबोधित करते हुए माननीय प्रधानमंत्री ने अन्य बातों के साथ-साथ यह कहा था कि:

"एक काम तो मैं आज ही शुरू करना चाहता हूँ और वह है- हिन्दुस्तान के सभी स्कूलों में टॉयलेट हो, बच्चियों के लिए अलग टॉयलेट हो, तभी तो हमारी बच्चियां स्कूल छोड़ कर भागेंगी नहीं । हमारे सांसद जो एमपीलैड फंड का उपयोग कर रहे हैं, मैं उनसे आग्रह करता हूँ कि एक साल के लिए आपका धन स्कूलों में टॉयलेट बनाने के लिए खर्च कीजिए । सरकार अपना बजट टॉयलेट बनाने में खर्च करे । मैं देश के कॉरपोरेट सेक्टर्स का भी आह्वान करना चाहता हूँ कि कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत आप जो खर्च कर रहे हैं, उसमें आप स्कूलों में टॉयलेट बनाने को प्राथमिकता दीजिए ।"

2. माननीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री, ने सभी संसद सदस्यों को अगले एक वर्ष के दौरान एमपीलैड्स निधियों से स्कूलों में शौचालयों के निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए पत्र लिखा है । जिला प्राधिकारियों तथा राज्य नोडल विभागों को दिनांक 26.08.2014 के समसंख्यक पत्र के तहत पूरक अनुदेश भी जारी किए गए हैं ।

3. जिला प्राधिकारियों से निम्नानुसार अनुरोध किया गया है:

(i) यह कि जब कभी **एमपीलैड्स** के तहत स्कूलों/शिक्षण संस्थाओं में कोई आधारी संरचना की सिफारिश की जाती है, यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रस्ताव में सदा ही शौचालयों की आवश्यक संख्या शामिल हो ।

(ii) सह-शिक्षा स्कूलों/शिक्षण संस्थाओं के मामले में, लड़कियों के लिए अलग शौचालय होना चाहिए ।